**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## साइनटून के माध्यम से विज्ञान संचार पर चर्चा

पन्तनगर। 10 नवम्बर 2023। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के कृषि संचार विभाग के तहत संकाय उच्च प्रशिक्षण केन्द्र 'आई.डी.पी.–नाहेप' की ओर से 'साइंस कम्यूनिकेशन थ्रू साइनटून' विषय पर तीन–दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुई। समारोह की अध्यक्षता डा. एम.ए. अंसारी एवं डा. किरन राना द्वारा किया गया। समारोह में कृषि संचार विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि डा. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, साइनटून मैन ऑफ इंडिया एवं डा. मनोज कुमार पटेरिया, पूर्व प्रमुख एन.सी.एस.टी.सी., मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, गर्वर्नमेंट ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली ने साइनटून के विभिन्न आयामों पर विस्तार रूप से चर्चा की। कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विभाग से 70 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया एवं साइनटून बनाना सीखा, जिसमें विद्यार्थियों ने काफी रूची दिखाई तथा महत्वपूर्ण विषयों को साइनटून माध्यम से दर्शाना सीखा।

**निदेशक संचार**